हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 15 सितंबर 2026

06 यादव परिवार ने संभाली चंडी दरबार की व्यवस्था...

08 मोदी के 25 वर्षों के सेवाकाल को जनभागीदारी के उत्सव के रूप में मनाएगी ...

## खबर संक्षेप

### रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए अंतिम तिथि आज

**नर्मदापुरम।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को एक और अवसर प्रदान किया गया है। इसके लिए अतिरिक्त कॉलेज लेवल काउंसलिंग चरण 12 से 16 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। उच्च शिक्षा संचालनालय द्वारा पूर्व में जारी आदेश के अनुसार रिक्त सीटों पर "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर प्रवेश की प्रक्रिया 21 से 31 अगस्त तक निर्धारित की गई थी। छात्र हित में विद्यार्थियों को रिक्त सीटों पर प्रवेश का अतिरिक्त अवसर प्रदान करने के लिए कॉलेज लेवल काउंसलिंग चरण की अवधि में वृद्धि की गई है।

### भाजपा नगर मण्डल की बैठक संपन्न

**नर्मदापुरम।** भारतीय जनता पार्टी नर्मदापुरम नगर मंडल की प्रथम कार्यसमिति बैठक गुरूवार को जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे ने स्वागत उद्बोधन में सभी नवनियुक्त कार्यसमिति सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विगत 3 माह की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने संगठनात्मक चर्चा की।

### पुलिस ने 48 घंटे में किया अंधे कत्ल का खुलासा, अरोपी गिरफ्तार

# पैसों की मांग को लेकर बढ़ा विवाद तो निर्ममता से दिया वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम/माखननगर

**माखननगर पुलिस ने मांगरोल में हुए सनसनीखेज अंधे कत्ल की गुत्थी महज 48 घंटे में सुलझा ली है। पुलिस ने हत्या के आरोप में गांव के ही 48 वर्षीय राजेश उर्फ मटरू यादव को गिरफ्तार किया है।**

गत 11 सितंबर को ग्राम मांगरोल निवासी आशाबाई पति लीलाधर यादव का शव सांगाखेड़ा कला रोड पर खेत के पास मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। मृतिका के पति लीलाधर यादव पिता शिवपाल यादव, निवासी ग्राम मांगरोल द्वारा घटना की सूचना दिए जाने पर थाना माखननगर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची।

पुलिस ने घटना का प्रकरण थाना माखननगर में मर्ग क्र. 82/2026, धारा 194 बीएनएसएस कायम कर जांच प्रारंभ की गई। घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए तथा मृतिका के शव का विधिवत परीक्षण एवं पोस्टमार्टम कराया गया। घटनास्थल की फॉरेंसिक जांच कराई गई। हरिभूमि ने प्रथम दिन ही खबर में ही हत्या की आशंका की खबर प्रकाशित की थी। मर्ग जांच के दौरान घटनास्थल की परिस्थितियों, मृतिका के शरीर पर पाई गई चोटों तथा प्रारंभिक साक्ष्यों से यह तथ्य सामने आया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मृतिका पर धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या की गई है।

**खास बात**

- घटना के बाद मौके से भाग गया था आरोपी, रविवार को हुआ गिरफ्तार

### आरोपी का मृतिका से पूर्व परिचय था

पूछताछ एवं विवेचना में सामने आए तथ्यों के अनुसार आरोपी का मृतिका से पूर्व परिचय था और दोनों के बीच संबंधों को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई थी। मृतिका द्वारा आरोपी से रुपयों की मांग की जाती थी तथा रुपये नहीं देने पर उसे प्रकरण में फंसाने की धमकी दिए जाने के कारण दोनों के बीच विवाद चल रहा था। सामने आए तथ्यों एवं आरोपी से पूछताछ के अनुसार दिनांक 11 सितंबर की सुबह आरोपी एवं मृतिका के बीच पहले भी विवाद हुआ था। इसके बाद सुबह करीब 09:30 बजे, जब मृतिका अपने खेत की ओर जा रही थी, उसी दौरान रास्ते में पुनः दोनों का आमना-सामना हुआ और विवाद हुआ। आरोपी अपने घर से धारदार हथियार लेकर आया और रास्ते में मृतिका को रोककर उस पर हमला कर दिया। आरोपी द्वारा मृतिका के पेट, छाती एवं पैरों पर चाकू से कई वार कर गंभीर चोटें पहुंचाई गई जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

### पुलिस की अलग-अलग टीमों ने की जांच, तकनीकी सहायता से मिली सफलता

महिला की हत्या एवं आरोपी अज्ञात होने के कारण घटना को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सोहागपुर अरविन्द शाह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी माखननगर निरीक्षक कंचनसिंह ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर अलग-अलग बिंदुओं पर पतारसी प्रारंभ की गई। एक पुलिस टीम को गांव में तैनात कर गोपनीय रूप से घटना वा आरोपी के संबंध में पतारसी हेतु लगाया गया। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण करने के साथ ही मृतिका की दिनचर्या, घटना के पूर्व की गतिविधियों, उसके संपर्क में रहे व्यक्तियों तथा घटना से संबंधित विभिन्न संभावित पहलुओं पर बारीकी से जांच की गई। ग्राम मांगरोल एवं आसपास के क्षेत्र में लगातार पतारसी करते हुए घटना से संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा प्राप्त सूचनाओं एवं साक्ष्यों का आपस में मिलान किया गया।

# पुरानी शिकायत को लेकर घर में घुसकर की मारपीट

### आपत्तिजनक वीडियो इंस्टाग्राम पर डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के बालागंज इलाके में पुरानी शिकायत की रंजिश को लेकर दो बहनों के साथ मारपीट करने और उनका आपत्तिजनक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता साक्षी संकट और कसक संकट ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन सौंपकर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

#### आधी रात को मारपीट की

आधी रात को घर का दरवाजा खटखटाकर बाहर खींचा और मारपीट की गई। पीड़िता के अनुसार, उन्होंने पूर्व में एक इंस्टाग्राम वीडियो को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर कार्रवाई हुई थी। इसी रंजिश के चलते 13 अगस्त की रात करीब 12 बजे कुमकुम गुहार, पूजा संकट, शोभा गौहर, कल्लू सौदा, अनुराग गौहर और अभिषेक गौहर उनके घर पहुंचे। दरवाजा खुलते ही आरोपियों ने पीड़िता को बाहर खींच लिया और उसके साथ झूमा झटकी व मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आई उसकी बहन के साथ भी मारपीट की गई। शोर सुनकर मोहल्ले के लोगों ने किसी तरह दोनों बहनों को बचाया। कपड़े फाड़े, वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मारपीट के दौरान पीड़ितों के कपड़े फाड़ दिए गए और इसका वीडियो बनाकर

आरोपियों ने इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया।

#### पीड़िता का कहना है अरोपी दे रहा धमकी

पीड़िता का कहना है कि आरोपी खुलेआम धमकी दे रहे हैं कि जहां भी दिखोगी, दोबारा मारपीट करेंगे। पीड़िताओं ने स्थानीय कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। आवेदन के मुताबिक, घटना के तुरंत बाद जब वे रिपोर्ट लिखाने थाना कोतवाली पहुंचीं, तो पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि रात करीब 4 बजे पुलिसकर्मियों ने उन्हें डांट-फटकार कर थाने से भगा दिया और बार-बार गुहार लगाने के बावजूद उन्हें घर तक सुरक्षित छोड़ने भी नहीं गए। पीड़ित बहनों ने एसपी से आरोपियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा सोशल मीडिया से आपत्तिजनक वीडियो हटवाने की मांग की है।

# सर्व आदिवासी समाज के साथ कलेक्टर ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सोमवार को माखननगर एवं सेमरीहरचंद क्षेत्र के सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधिमंडल एवं अन्य सदस्यों के साथ बैठक कर आदिवासी समुदाय की भूमि प्रदान किए जाने की मांग सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर ने आदिवासी समुदाय के प्रतिनिधियों द्वारा रखी गई मांगों एवं समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ गंभीरतापूर्वक सुना तथा प्रत्येक बिंदु पर पृथक-पृथक जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने आदिवासी समुदाय द्वारा प्रस्तुत मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए भूमि संबंधी प्रकरणों एवं अन्य मांगों की जांच के लिए जिला स्तरीय जांच समिति गठित किए जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने अपर कलेक्टर श्री राजेश शुक्ला को निर्देशित किया कि आदिवासी समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर उनकी मांगों एवं प्रस्तुत बिंदुओं के आधार पर शीघ्र जांच समिति का गठन सुनिश्चित करें।

# तेज ध्वनि में डीजे बजाने पर केस दर्ज, वाहन किया जब्त

### एसडीओपी ने दिए थे सख्त निर्देश लेकिन संचालक कर रहे उल्लंघन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के मार्गदर्शन, एसडीओपी जितेंद्र पाठक के पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा पूर्व में डीजे संचालकों की बैठक बुलाकर समझाइश दी गई

थी कि वे निर्धारित ध्वनि-मानकों एवं समय-सीमा का पालन करते हुए ही डीजे का संचालन करें। उन्हें यह भी अवगत कराया गया था कि अत्यधिक तेज ध्वनि में डीजे बजाने से आमजन को असुविधा होती है तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हो सकती है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई किए जाने के संबंध में भी चेतावनी दी गई थी। रविवार रात कोगश्त के दौरान थाना कोतवाली पुलिस को सतरस्ता के पास मेन रोड पर डीजे वाहन क्रमांक एमपी 04 वाईपी 0630 से अत्यधिक तेज एवं कानफोड़ ध्वनि में संगीत बजता हुआ मिला।

जांच के दौरान डीजे संचालक द्वारा सक्षम प्राधिकारी की वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं की गई तथा पूर्व में दी गई समझाइश एवं निर्धारित नियमों का उल्लंघन पाया गया। इस पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डीजे वाहन एवं उसमें लगा साउंड सिस्टम जप्त किया है। डीजे संचालक ललित वर्मा, पिता कमल किशोर वर्मा रसूलिया के विरुद्ध थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### कालातीत ऋणों की वसूली के लिए सहकारी समितियों में अभियान जारी

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार नर्मदापुरम जिले में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से संबद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में कालातीत ऋणों की वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मूंग खरीदी का कार्य समाप्त होने के पश्चात समितियों के सभी कर्मचारी ऋण वसूली कार्य में सक्रियता से जुट गए हैं। अभियान के अंतर्गत अगस्त माह में लगभग 10 प्रतिशत कालातीत ऋणों की वसूली की गई है। जिला सहकारी बैंक से संबद्ध समितियों द्वारा कृषकों से संपर्क कर उन्हें समय पर ऋण चुकाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। समिति कर्मचारियों द्वारा कृषकों को समझाइश दी जा रही है कि निर्धारित तिथि तक ऋण की राशि जमा नहीं करने पर खाद के लिए लिया गया ऋण कालातीत हो जाता है।

# भारतीय कलाकार संघ का राष्ट्रीय अधिवेशन कला के कुंभ में सितारों की जगमगाहट

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर की धरती पर कला और संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। प्रिंस पैराडाइज रिसॉर्ट, खेड़ा में भारतीय कलाकार संघ का राष्ट्रीय अधिवेशन में देश भर से आए सैकड़ों कला प्रेमियों और गणमान्य नागरिकों ने इस पल को अपनी आंखों में कैद किया।

इस कला महाकुंभ का मुख्य आकर्षण मुंबई से आए स्टार कलाकार रहे। मंच पर जब जूनियर अमिताभ (सचिन), जूनियर शशि कपूर और जूनियर गोविंदा ने अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरा, तो दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका दिल जीत लिया। इसके साथ

ही उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और दिल्ली सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने सतरंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर आयोजन को यादगार बना दिया।

इस आयोजन में संघ के राष्ट्रीय संयोजक अंकित मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक पचोरी, प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पगारे और पार्षद सीमा भदौरिया मुख्य अतिथि के रूप में विशेष मौजूदगी सहित कई विशिष्ट अतिथियों जितेंद्र ओझा, कमल किशोर शुक्ला, बृजेश गुप्ता ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। पार्षद सीमा भदौरिया ने नवगठित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संघ द्वारा कला-संस्कृति के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।

# सोहागपुर-पिपरिया के बीच ओएचई लाइन टूटी, दुरुस्त की

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सोहागपुर और पिपरिया रेलवे स्टेशन के बीच सोमवार सुबह ओएचई लाइन में अचानक ब्रेकडाउन होने से इस रूट पर रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। तार टूटने की वजह से ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया है, जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह 11 बजकर दो मिनट पर ट्रैफिक सुचारू हो गया।

स्थिति को नियंत्रण में लेने और सुधार कार्य के लिए रेलवे ने सोहागपुर से पिपरिया एसएसपी के बीच डाउन लाइन पर पावर ब्लॉक लिया है। इसके साथ ही पिपरिया यार्ड की डाउन मेन लाइन पर ट्रैफिक

ब्लॉक भी लागू किया गया है। इस तकनीकी खराबी का सीधा असर ट्रेनों की आवाजाही पर पड़ा है। सुबह 9:51 बजे से पुणे-सुपौल एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 11401) इटारसी स्टेशन पर ही करीब दो घंटे खड़ी रही। रेलवे की तकनीकी टीम मौके पर मौजूद रही और ओएचई वायर को सुधारने का कार्य तेजी से करके यातायात सुचारू कर दिया है।

# हथियार दिखाकर अड़ीबाजी कर दी जान से मारने की धमकी, थाने में मामला किया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के मालाखेड़ी रोड स्थित इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में एक किराएदार द्वारा अपने ही पड़ोसी किराएदार को प्रताड़ित करने, अड़ीबाजी करने तथा कमरे पर ताला जड़ने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इस संबंध में थाना प्रभारी को लिखित शिकायत सौंपकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और कमरे का ताला खुलवाने की गुहार लगाई है। शिकायत के अनुसार, 'पार्वती निवास' में पिछले दो माह से किराए पर रह रहे महिपाल सिंह चौहान ने बताया कि उनके कमरे के सामने रहने वाला दूसरा किराएदार दीपक गोस्वामी (मूल निवासी गौरा) आपराधिक प्रवृत्ति का है और अक्सर नशे की हालत में गाली-गलौज करता है। घटना के मुख्य कमरे पर अवैध ताला पीड़ित की अनुपस्थिति में आरोपी दीपक गोस्वामी ने उनके कमरे के ताले पर अपना दूसरा ताला लगा दिया।

शराब के नशे में विवाद जब पीड़ित ने ताला लगाने का कारण पूछा, तो आरोपी ने शराब के नशे में अपने साथियों के साथ मिलकर गालियां दीं, मारपीट पर उतारू हो गया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि दीपक गोस्वामी अपने कमरे में धारदार हथियार रखता है और उन्हें दिखाकर डराता-धमकाता है तथा अवैध पैसों अड़ीबाजी की मांग करता है।

#### पुलिस को देखकर भागा आरोपी

पुलिस को देखते ही पीड़ित द्वारा डायल 112 पर सूचना देने पर पुलिस मौके पर पहुंची, जिसकी भनक लगते ही आरोपी वहां से भाग निकला। ताला न खुलने के कारण पीड़ित का सारा घरेलू सामान अंदर बंद है, जिससे उसके सामने रहने और खाने-पीने का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित महिपाल सिंह चौहान ने पुलिस प्रशासन से तत्काल उचित कानूनी कार्रवाई करने और कमरे का ताला खुलवाकर राहत दिलाने की मांग की है।

### भगवान लव-कुश की सुंदर झांकियां निकली, ढोल-नगाड़ों पर थिरके लोग

# सोहागपुर में धूमधाम से मना लवकुश जन्मोत्सव, शोभायात्रा, अखाड़ा प्रदर्शन और पुष्पवर्षा ने बढ़ाया आकर्षण, प्रतिभाएं हुईं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर में रविवार को लवकुश जन्मोत्सव हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। उत्सव की शुरुआत में ग्राम शोभापुर से एक विशाल ट्रैक्टर रैली निकाली गई, जिसका समापन सोहागपुर के लवकुश चौराहे पर हुआ। आयोजन में प्रतिभा सम्मान समारोह भी किया गया। हरिभूमि से चर्चा में कुशवाहा समाज इकाई मीडिया प्रभारी एवं युवा सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र इमरतलाल कुशवाहा ने बताया कि माखननगर और लांघा बम्हौरी से भी भव्य शोभायात्राएं निकाली गईं, जो लवकुश चौराहे पर पहुंचकर मुख्य शोभायात्रा में शामिल हुईं। दोपहर 12 बजे लवकुश चौराहे से मुख्य

शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा कोर्ट चौराहा, श्रीराम चौक और पुराने थाने के सामने से होते हुए कृषि उपज मंडी प्रांगण पहुंची। शोभायात्रा में बेगमगंज से आए कुशवाहा समाज के 'श्री दुर्गा अखाड़ा' के 100 सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किए गए। भगवान लवकुश की सुंदर झांकियों, ढोल-नगाड़ों और डीजे की भक्तिमय धुनों पर हजारों की संख्या में महिला, पुरुष और युवा झूमते नजर आए। मार्ग में कतिया समाज, गुर्जर समाज, आदिवासी समाज, विश्वकर्मा समाज, चौरसिया समाज, कांग्रेस, भाजपा और पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। शास्त्री चौक पर जेसीबी मशीनों द्वारा शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा की गई।

#### इनका हुआ सम्मान

उपमंडी प्रांगण में भगवान लवकुश की महाआरती के साथ समापन कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिसमें समाज के प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मानित किए गए। कार्यक्रम में अतिथि रूप में हिना कांवरे, प्रांतीय अध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाहा, विधायक विजयपाल सिंह, गृहस्थ संत पं. प्रकाश मुद्गल, युवा प्रदेश अध्यक्ष कन्हैयालाल कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष अजय सैनी, मार्शल बामोरिया, मुन्नालाल वर्मा, पुरुषोत्तम कुशवाहा, अधिवक्ता शकुंतला मौर्य, मोहन हिनखेरिया, बाबूलाल मौर्य, नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी और भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज आदि मंचासीन रहे। समारोह को हिना कांवरे, प्रदेश अध्यक्ष योगेश मानसिंह, विधायक विजयपाल सिंह ने संबोधित किया। विधायक सिंह ने कहा कि बदलते समय के साथ समाज को अपनी रणनीति बदलनी होगी और राजनीति में सक्रिय भागीदारी दर्ज करानी होगी।

#### जताया आभार

कार्यक्रम अध्यक्ष पुष्पराज कुशवाहा ने आभार व्यक्त करते हुए भगवान लवकुश के चित्र वितरित किए। आयोजन को सफल बनाने में पूर्व सरपंच मोहन सिंह कुशवाहा, कैलाश कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, सुरेश कुशवाहा, देवेंद्र कुशवाहा, ललित मौर्य, पवन कपरिया, नानकराम कुशवाहा, किरण कुशवाहा, रामदयाल कुशवाहा, आयुष कुशवाहा, बबलू कुशवाहा और माखन कुशवाहा सहित सामाजिक बंधुओं का सराहनीय योगदान रहा।

### 51 हजार दीपों से रोशन होगा सेठानी घाट

**नर्मदापुरम।** सेवा से संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रदेशभर में विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत नर्मदापुरम जिले में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसी क्रम में 'एक दिया आशीर्वाद का' कार्यक्रम के अंतर्गत सेठानी घाट 51 हजार दीपों की रोशनी से जगमगाएगा। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सेवा से संकल्प अभियान से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि अभियान के अंतर्गत जिला, ब्लॉक, तहसील एवं ग्राम स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए।

# 57 ली. कच्ची हाथ भट्टी मदिरा और 335 किग्रा लहान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के आदेशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा के विक्रय एवं निर्माण के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी है। इसी क्रम में 13 सितंबर को जिले के समस्त आबकारी वृत्त क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। आबकारी विभाग द्वारा की गई कार्रवाई में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के तहत कुल 13 प्रकरण कायम किए गए। कार्रवाई के दौरान 57 लीटर कच्ची हाथ भट्टी मदिरा एवं 335 किलोग्राम लहान जब्त किया गया। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 44 हजार 900 रुपये बताई गई है। इसके अतिरिक्त जिले की मदिरा दुकानों का निरीक्षण कर अनियमितताओं के संबंध में कुल 16 विभागीय प्रकरण भी कायम किए

गए हैं। उक्त कार्रवाई में आबकारी विभाग के कार्यपालिक स्टाफ, सहायक जिला आबकारी अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### चरणदास स्वामी की 324 वीं जयंती मनाई

**बैतूल।** भार्गव समाज बैतूल की प्रतिवर्ष की परम्परानुसार इस वर्ष भी चरणदास जयंती का कार्यक्रम समाज के अध्यक्ष दीपक भार्गव एवं दीप्ती भार्गव के वैष्णवी धाम रेसीडेंसी, बैतूल स्थित निवास पर आयोजित किया गया। भार्गव समाज के अधिकांश सदस्यों ने सपरिवार उपस्थित होकर पूजा-अर्चना कर प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर चरणदास स्वामी की आकर्षक झांकी सजाई गई। कार्यक्रम उपरांत दीपक भार्गव द्वारा सभी सामाजिक बंधुओं को स्वल्पाहार कराया गया। इस अवसर पर समाज के पूर्व अध्यक्ष बाबू भार्गव ने संत चरणदासजी स्वामी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि श्री चरणदास जी एक युग पुरूष के रूप में उस समय अवतरित हुए थे जबकि आसुरी गुण प्रधान यवनों के पांच सौ वर्षो के निरंतर अत्याचारों से हिंदु धर्म जर्जरित अवस्था को प्राप्त हो चुका था एवं शिक्षा के अभाव में पाखंडी एवं स्वार्थी लोगों ने समाज को अंधविश्वास में धकेल दिया था। वे 18 वीं शती के पूर्वाध में जन्में एक अदभुत ज्ञान एवं सिद्धि-संपन्न लोकनायक थे। उनकी इस अलौकिकता को पहचान कर ही मुगल सम्राट मोहम्मद शाह, आलमगीर द्वितीय और शाह आलम द्वितीय तथा नादिर शाह जैसे क्रूर आक्रमणकारी उनके सामने नत मस्तक हुए थे। उन्होंने श्री कृष्ण के अंशावतार के रूप में जन्म लिया था और वे भगवान कृष्ण की भक्ति के प्रति समर्पित थे।

### जिले में पिछले 24 घंटे में औसतन 11.0 मिमी वर्षा

**बैतूल।** जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान औसतन 11.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक, भू-अभिलेख ने बताया कि 13 सितंबर प्रातः 8 बजे से 14 सितंबर प्रातः 8 बजे तक जिले के विभिन्न वर्षामापी केंद्रों पर वर्षा रिकॉर्ड की गई। उन्होंने बताया कि बैतूल में 4.4 मिमी, घोड़ाडोंगरी में 4.0 मिमी, चिचोली में 9.0 मिमी, शाहपुर में 18.0 मिमी, मुलताई में 19.0 मिमी, प्रभात पट्टन में 32.2 मिमी, आमला में 4.0 मिमी, भैंसदेही में 9.0 मिमी, आठनेर में 5.2 मिमी तथा भीमपुर में 6.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में वर्षा ऋतु 2026-27 में अब तक औसतन 682.2 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है। वहीं गत वर्ष 2025-26 में अब तक 861.8 मिमी वर्षा दर्ज हुई थी। उल्लेखनीय है कि जिले की सामान्य औसत वर्षा 1083.9 मिमी है तथा गत वर्ष की सामान्य औसत वर्षा 1097.4 मिमी रही थी।

### मंत्रालय जैसा वेतनमान और सीपीसीटी से राहत की मांग

**बैतूल।** मैदानी लिपिकों की वर्षों पुरानी वेतन विसंगति दूर करने और अनुकंपा नियुक्ति पर पदस्थ सहायक ग्रेड-3 कर्मचारियों को सीपीसीटी की अनिवार्यता से राहत दिलाने की मांग को लेकर मध्यप्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ की बैतूल जिला इकाई ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल को ज्ञापन सौंपा। हेमंत खंडेलवाल ने प्रतिनिधिमंडल की बात गंभीरता से सुनते हुए मुख्यमंत्री से चर्चा करने और अपनी ओर से अनुशंसा पत्र भेजने का आश्वासन दिया। संघ के जिलाध्यक्ष कमलेश चौहान ने बताया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39 (घ) में समान कार्य-समान वेतन का प्रावधान है, लेकिन विभागाध्यक्ष एवं अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यरत मैदानी लिपिकों को मंत्रालय के लिपिकों के समान वेतनमान और समयमान वेतनमान का लाभ नहीं मिल रहा है। इससे कर्मचारियों में असंतोष है। संघ ने वित्त विभाग के 24 जनवरी 2008 तथा 28 फरवरी/4 मार्च 2013 के आदेशों का हवाला देते हुए मैदानी लिपिकों को भी द्वितीय उच्चतर समयमान वेतनमान 5500-9000 का लाभ देने की मांग की है। ज्ञापन के अनुसार मैदानी कार्यालयों में सहायक ग्रेड-3 को प्रारंभिक स्तर पर 5200-20200 प्लस 1900 ग्रेड पे और प्रथम उच्चतर समयमान में 2400 ग्रेड पे मिलता है। द्वितीय उच्चतर समयमान में 2800 ग्रेड पे तथा तृतीय समयमान में 3200 ग्रेड पे मिलता है।

---

व्यवस्था को लेकर तनाव: निजी भूमि पर बना था दरबार

# यादव परिवार ने संभाली चंडी दरबार की व्यवस्था, आदिवासी समुदाय में नाराजगी

### आदिवासियों ने रविवार को गर्भगृह में बलि देकर किया विरोध प्रदर्शन, इससे बनी तनाव की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले की चिचोली तहसील के गोधना गांव स्थित प्रसिद्ध देव स्थल मां चंडी दरबार की व्यवस्था को लेकर तनाव की स्थिति पैदा होने लगी है। रविवार को जिलेभर से पहुंचे आदिवासियों और उनके सामाजिक संगठनों ने मंदिर का संचालन निजी भूमि मालिक व परिवार को सौंपे जाने के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने गर्भगृह के स्थान पर बलि देकर अपना विरोध दर्ज कराया है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने चंडी दरबार के संचालन की व्यवस्था निजी भूमि मालिक यादव परिवार को सौंपने के आदेश जारी किए थे।

कोर्ट से स्वामित्व मिलते ही यादव परिवार ने दरबार की वर्षों पुरानी संचालन

#### नई व्यवस्था का तीखा विरोध

समिति को भंग कर दिया और सैकड़ों वर्षों से चले आ रहे पूजा-पाठ के नियम भी बदल दिए। इतना ही नहीं, पुराने मंदिर के ढांचे को तोडकर नया निर्माण करवाया जा रहा है, जिससे पूरा नियंत्रण एक ही परिवार के हाथों में आ गया है। स्थानीय निवासी और आदिवासी समाज इस नई व्यवस्था का तीखा विरोध कर रहे हैं। आदिवासी युवा संगठनों का कहना है कि मां चंडी दरबार बैतूल का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण देव स्थल है, जहां हर रविवार और बुधवार को प्रदेशभर से हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। गोंडवाना शासन काल और

राजा-रजवाड़ों के समय से ही यह स्थान आदिवासी समुदाय के लिए तीर्थ जैसा पूजनीय रहा है। आदिवासी समाज का कहना है कि ऐसे ऐतिहासिक और पवित्र स्थल को निजी हाथों में सौंपना जनजातीय आस्था पर सीधा प्रहार है।

#### आदिवासियों ने ये रखा, दरबार व्यवस्था को लेकर अपना पक्ष

बैतूल के आदिवासी युवा राजा धुर्वे का कहना है कि यह दरबार सैकड़ों साल पुराना पुरातात्विक महत्व का स्थल है। हाईकोर्ट में चली कानूनी लड़ाई केवल शासन और निजी भूमि मालिक के बीच की थी, जिसमें आदिवासी समाज पक्षकार ही नहीं था। पेसा. कानून और वनाधिकार कानून में आदिवासियों की रूढगत परंपराओं के संरक्षण का स्पष्ट प्रावधान किया गया है। भले ही जमीन निजी हो, लेकिन धार्मिक परंपराओं से खिलवाड़ नहीं किया जा सकता है। पेसा कानून के तहत मंदिर और उससे जुड़ी जमीन के प्रबंधन व संचालन की पूरी जिम्मेदारी क्षेत्र की ग्राम सभा को सौंपी जानी चाहिए।

#### यादव परिवार ने दी मामले में सफाई

चंडी दरबार की व्यवस्था पर उठे सवालों को लेकर निजी भूमि के स्वामी यादव परिवार ने अपनी सफाई दी। उनका कहना है कि जिस जमीन पर मंदिर स्थित है, वह राजस्व रिकॉर्ड में यादव परिवार की निजी भूमि है। अदालत का फैसला उन्हीं के पक्ष में आया है। इसलिए उनके द्वारा मंदिर की नई व्यवस्था बनाई जा रही है। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम के चलते दरबार स्थल पर जबरदस्त तनाव बना हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा भी हाईकोर्ट के आदेश के बाद एवं तनाव की स्थिति को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया हैं।

---

पार्किंग व शेड निर्माण से मिलेगी सुविधा

# न्यायालय परिसर में पार्किंग निर्माण के लिए विधायक निधि से पांच लाख की घोषणा

### अधिवक्ताओं की मांग पर विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने दी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

न्यायालय परिसर में पार्किंग व्यवस्था एवं शेड निर्माण की आवश्यकता को लेकर अधिवक्ताओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुलताई विधानसभा क्षेत्र के विधायक चंद्रशेखर देशमुख से उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर में बेहतर पार्किंग व्यवस्था विकसित करने के लिए विधायक निधि से राशि उपलब्ध कराने की मांग रखी। अधिवक्ताओं की मांग पर विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने विधायक निधि से 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। प्रस्तावित राशि से न्यायालय परिसर में पार्किंग व्यवस्था के विकास एवं आवश्यक शेड निर्माण संबंधी कार्य किए जाने की बात कही गई। इससे न्यायालय में आने वाले अधिवक्ताओं, पक्षकारों एवं आम नागरिकों को सुविधा मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर अधिवक्ता एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर में आवश्यक सुविधाओं के विकास के लिए विधायक द्वारा विधायक निधि से राशि देने की घोषणा पर उनका आभार व्यक्त किया। अधिवक्ताओं ने कहा कि पार्किंग एवं शेड निर्माण से न्यायालय परिसर में आने वाले लोगों को काफी सुविधा मिलेगी।

---

बहती जलधारा में महिलाओं ने किया पूजन-अर्चन

# हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी पर ताप्ती सरोवर में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर सोमवार को मुलताई के पवित्र ताप्ती सरोवर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही सरोवर के विभिन्न घाटों पर बड़ी संख्या में महिलाएं पूजन-अर्चन के लिए पहुंचीं। महिलाओं ने ताप्ती जल में विधि-विधान से स्नान एवं पूजन कर भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना की तथा अपने परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलकामना के लिए व्रत का संकल्प लिया। हरतालिका तीज के व्रत के लिए महिलाओं ने सरोवर से लाल बालू लेकर घरों में भगवान शिव-पार्वती की प्रतिमा अथवा शिवलिंग स्थापना की तैयारी की। इस बार ताप्ती सरोवर में बहती जलधारा के बीच पूजन करने का अवसर मिलने से महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही विभिन्न घाटों पर महिलाओं की भीड़ जुटने लगी, जिससे पूरे सरोवर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और भक्ति का वातावरण बना रहा। ताप्ती सरोवर में महिलाओं की बढ़ती भीड़ और जल की गहराई को देखते हुए नगर पालिका द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सरोवर के विभिन्न घाटों पर नाव और ट्यूब की व्यवस्था करने के साथ ही गोताखोरों की ड्यूटी भी लगाई गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल मदद उपलब्ध कराई जा सके। नगर पालिका के सब इंजीनियर महेश शर्मा ने नाव से ताप्ती सरोवर के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान घाटों पर तैनात कर्मचारियों को आवश्यक सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए।

#### एक साथ आए दो पर्व महिलाओं ने शुरू किए व्रत

पंडित गणेश त्रिवेदी ने बताया कि इस बार हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी एक ही दिन होने के कारण धार्मिक दृष्टि से यह अवसर विशेष है। महिलाओं ने सोमवार से हरतालिका तीज के व्रत का प्रारंभ किया। उन्होंने बताया कि व्रत के दौरान महिलाएं रात में भगवान शिव और माता पार्वती का पूजन-अर्चन करेंगी। इसके बाद ऋषि पंचमी के अवसर पर जावरा का विसर्जन कर पवित्र स्नान के साथ हरतालिका तीज के व्रत का समापन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुछ महिलाएं ऋषि पंचमी का व्रत भी रखती हैं। ऋषि पंचमी के अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजन-अर्चन किया जाएगा।

---

### तीन दिन से लापता मजदूर का खेत में मिला शव

**बैतूल।** बैतूल बाजार थाना क्षेत्र में तीन दिन से लापता मजदूर का शव खेत में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल मौत की वजह स्पष्ट नहीं है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर मामले की पड़ताल कर रही है। मृतक की पहचान रेणुका खापा निवासी नेहरू पिता केजु उइके (45) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, 10 सितंबर को पोला पर्व के दिन नेहरू शाम तक गांव में था। इसके बाद वह अचानक लापता हो गया। उसके परिचितों और खेत मालिक के परिवार ने उसकी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। रविवार को खेत मालिक के परिवार के लोग खेत पहुंचे तो उन्हें वहां एक शव दिखाई दिया। पहचान करने पर शव नेहरू उइके का निकला। इसके बाद खेत मालिक ने कोटवार को सूचना दी। कोटवार की सूचना पर बैतूल बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, नेहरू की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा।

---

# सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर 13 सेवा कार्यक्रम होंगे संचालित: सविता दीवान

## सेवा, सुशासन को जन-जन तक पहुंचाएगा सेवा संकल्प अभियान

**बैतूल।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान की जानकारी देते हुए पूर्व विधायक सविता दीवान ने जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा, सुशासन और विकसित भारत के संकल्प के साथ अपने सार्वजनिक जीवन में निरंतर कार्य किया है। आगामी 7 अक्टूबर 2026 को उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं।

इसी उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा एक माह तक 13 सेवाभावी कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। श्रीमती दीवान ने कहा कि भाजपा द्वारा प्रतिवर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा मनाया जाता रहा है, लेकिन इस वर्ष प्रधानमंत्री के सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने का अवसर विशेष है। इसलिए जनसेवा और समर्पण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस बार एक माह का सेवा संकल्प अभियान आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में जहां किसी सरकार का पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा होना भी एक उपलब्धि माना जाता है, वहीं भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण

लोकतंत्र में 25 वर्षों तक लगातार जनता का विश्वास और आशीर्वाद प्राप्त कर उनकी सेवा करना अपने आप में असाधारण उपलब्धि है। यह भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास का एक महत्वपूर्ण और स्वर्णिम अध्याय है। श्रीमती दीवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर निकालने, 4.5 करोड़ से अधिक परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने तथा 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कराने जैसे महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश के 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है तथा बड़ी संख्या में लोगों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ा गया है। कोरोना महामारी के दौरान देश व दुनिया को 200 करोड़ से अधिक निःशुल्क कोविड टीके उपलब्ध कराना भी एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

---

# न्यायालय में चल रहे मामले की कूट रचित दस्तावेज से हो गई रजिस्ट्री!

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने तीन दिन में निराकरण के दिए थे निर्देश, परमंडल के आवेदकों ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

मुलताई तहसील क्षेत्र के ग्राम परमंडल में भूमि विवाद से जुड़ा मामला पकड़ता जा रहा है पिछले मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान बैतूल जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचा। परमंडल निवासी अन्नतराम गढ़ेकर एवं उनके भाई ने कलेक्टर को शिकायत सौंपकर राजस्व अभिलेखों में कथित हेरफेर, हाईकोर्ट के स्थगन आदेश की अनदेखी तथा विवादित भूमि के नामांतरण और बिक्री से संबंधित मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत पर कलेक्टर ने मुलताई एसडीएम एवं तहसीलदार को तीन दिनों में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, निर्धारित समय बीतने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से उनमें नाराजगी है। आवेदकों का कहना है कि यदि मामले का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो वे गंभीर कदम उठाने को मजबूर होंगे। उन्होंने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

#### हाईकोर्ट में मामला विचाराधीन होने का हवाला

शिकायत के अनुसार, आवेदकों की भूमि से संबंधित प्रकरण मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में अपील क्रमांक 746/2017 के रूप में विचाराधीन है। आवेदकों के मुताबिक, इस प्रकरण में 21

अक्टूबर 2019 को स्थगन आदेश पारित किया गया था। उनका आरोप है कि स्थगन आदेश प्रभावी होने के बावजूद विवादित भूमि से संबंधित राजस्व कार्रवाई आगे बढ़ाई गई। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि तहसीलदार मुलताई द्वारा पारित विभिन्न आदेशों के आधार पर खसरा रिकॉर्ड में प्रविष्टियां की गईं। इसके अलावा 3 सितंबर 2026 को आदेश क्रमांक 935/अ-6 एवं 933/अ-6 के माध्यम से नामांतरण की कार्रवाई किए जाने का भी शिकायत में उल्लेख किया गया है। आवेदकों ने इन कार्रवाइयों को नियम विरुद्ध बताते हुए संबंधित राजस्व अभिलेखों की जांच की मांग की है।

#### कूटरचित दस्तावेज से बिक्री का भी आरोप

शिकायतकर्ताओं ने विवादित भूमि के संबंध में कथित रूप से कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बिक्री पत्र निष्पादित कराने का आरोप भी लगाया है। उन्होंने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, संबंधित अधिकारियों एवं अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों की भूमिका की जांच कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई करने तथा विवादित भूमि के संबंध में आगे की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है।

#### इनका कहना है...

मामला पिछली जनसुनवाई के दौरान मेरे संज्ञान में आया था। हमने प्रकरण में पुनर्विलोकन की अनुमति मांगी गई थी, जो प्राप्त हो गई है। 16 सितंबर को मामले में पूर्व निर्धारित पेशी है। इसमें दोनों पक्षों को सुनने के बाद अनावेदकों द्वारा कूटरचित दस्तावेज बनाकर रजिस्ट्री और नामांतरण किया जाना पाए जाने पर क्रेता विक्रेता के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी और पुलिस कार्रवाई के लिए भी लिखा जाएगा।

**राजीव कहार**, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुलताई

---

# साइकिल से 4 धाम-12 ज्योतिर्लिंग की यात्रा, 42 दिन में 3 हजार किमी पार

### बैतूल जिले के सोमित यादव और राधेश्याम यादव साइकिल से 20 हजार किमी की यात्रा पर निकले

**बैतूल।** बैतूल जिले के सोमित यादव और राधेश्याम यादव साइकिल से 4 धाम एवं 12 ज्योतिर्लिंग की यात्रा पर निकले हैं। 3 अगस्त को बैतूल से शुरू हुई यात्रा के 42 दिन पूरे हो चुके हैं और दोनों अब तक 3000 किमी से अधिक दूरी तय कर चुके हैं। यात्रा के दौरान वे द्वारिकाधीश धाम सहित ओंकारेश्वर, महाकालेश्वर, सोमनाथ और नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर चुके हैं। इसके अलावा हरसिद्धि माता, गढकालिका माता, मां कालिका, मां अंबिका, मां चन्द्रभागा और कोटेश्वरी माता के दर्शन भी किए हैं। मध्य प्रदेश और गुजरात की यात्रा पूरी करने के बाद दोनों वर्तमान में महाराष्ट्र के त्रंबकेश्वर पहुंच चुके हैं। यहां दर्शन के बाद उनकी अगली मंजिल घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग है। सोमित यादव पिता मुकेश यादव ग्राम लक्कडज्ञाम, तहसील भीमपुर और राधेश्याम यादव पिता रमेश यादव ग्राम बडगी बुजुर्ग, तहसील बैतूल के निवासी हैं। दोनों युवाओं का कहना है कि यात्रा का उद्देश्य धार्मिक स्थलों के दर्शन के साथ गौ माता को राष्ट्र माता घोषित कराने की भावना को जन-जन तक पहुंचाना और सनातन धर्म, संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति लोगों को जागरूक करना है। यात्रा के दौरान अलग-अलग क्षेत्रों में उन्हें लोगों का प्रेम, सहयोग और आशीर्वाद मिल रहा है। दोनों करीब 20 हजार किमी की यात्रा 18 महीने में पूरी करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। देश के विभिन्न राज्यों से गुजरते हुए 12 ज्योतिर्लिंग और 4 धाम की यात्रा पूरी करने के साथ वे सनातन संस्कृति, धार्मिक आस्था और गौ माता के प्रति जागरूकता का संदेश पहुंचाएंगे। यात्रा के प्रतिदिन के अपडेट दोनों की इंस्टाग्राम आईडी पर देखे जा सकते हैं।

---

विघ्नों को हरने वाले प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश का 10 दिवसीय उत्सव प्रारंभ

# गाजे-बाजे से विराजे विघ्न विनाशक, उत्साह से शुरु हुआ गणेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

विघ्नों को हरने वाले प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश का 10 दिवसीय उत्सव सोमवार से प्रारंभ हो गया। इसका समापन अनंत चतुर्दशी पर विसर्जन के साथ होगा। गणेश प्रतिमाएं ले जाने का सिलसिला वैसे तो सोमवार सुबह से शाम तक चलता रहेगा। सुबह से ही बाजार में भगवान श्रीगणेश के उत्सव को लेकर खासी धूम थी। कोठीबाजार और गंज में दर्जनों स्थानों पर छोटी से लेकर बड़ी मूर्तियां बिकने के लिए रखी गई थी। इस बार बड़ी तादाद में मूर्तियां शहर में बिकने आई थी। बाहर से आए मूर्तिकारों ने भी इस बार भारी संख्या में मूर्तियां बनाई थी। मिट्टी की मूर्तियां 251 रुपए से लेकर

3 हजार रुपए तक बिकी। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी मूर्तियां बिकी है।

**विधि विधान से विराजे** - मूर्तियां ले जाने का सिलसिला वैसे सुबह से ही चालू हो गया था। श्रद्धालुओं ने मुहूर्त के अनुसार विधि विधान से पूजा अर्चना की। शहर के लगभग आधा सैकड़ा स्थानों पर सार्वजनिक गणेश मंडल द्वारा भी चित्ताकर्षक प्रतिमाएं विराजित की गई है। हालांकि बड़ी प्रतिमाओं की स्थापना का सिलसिला दोपहर बाद शुरु हुआ। बारिश न होने से श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे से भगवान श्रीगणेश की स्थापना की। पूरे अंचल में गणेश उत्सव को लेकर पहले दिन खासा उत्साह देखा गया।

#### दस दिन तक रहेगी गणेशोत्सव की धूम

आगामी 10 दिन तक समूचे जिले में गणेश उत्सव की धूम रहेगी। घरों और पंडालों में सुबह शाम भगवान गणेश की पूजा अर्चना के बाद आरती होगी। इन 10 दिनों में कई जगह भजन संध्या सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अलग-अलग गणेश समितियों द्वारा अभी से आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही है। 10 दिन तक गणेश उत्सव की पूरे जिले में चहल-पहल दिखाई देगी। गणेश उत्सव को लेकर बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। लोगों ने फेसबुक, ट्विटर इंस्ट्राग्राम सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से लोगों को गणेश उत्सव की बधाई दी। दिन भर बधाई का सिलसिला जारी रहा। कुछ लोगों ने गणेश प्रतिमा घर ले जाते और स्थापित करने के बाद सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर डाली।

### प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने स्थानीय कलाकार से गणेश प्रतिमा खरीदी

गणेश उत्सव के मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल बैतूल के कारगिल चौक पहुंचे। यहां उन्होंने स्थानीय महिला कलाकार लक्ष्मी प्रजापति से मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमा खरीदी। खंडेलवाल ने इसके लिए 3 हजार रुपए का ऑनलाइन भुगतान किया। प्रतिमा खरीदने के साथ खंडेलवाल ने वोकल फॉर लोकल का संदेश दिया। उन्होंने स्थानीय कलाकारों को बढ़ावा देने और डिजिटल भुगतान अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश हम सभी के जीवन को मंगलमय करें। श्री खंडेलवाल ने बताया कि स्थानीय कलाकार मिट्टी से गणेश प्रतिमाएं बनाते हैं। इन कलाकारों से प्रतिमा खरीदना धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाने के साथ उन्हें प्रोत्साहित करना भी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी स्थानीय कलाकारों से ही गणेश प्रतिमा खरीदने की अपील की। उन्होंने कहा पहले स्थानीय कलाकारों को प्रतिमा खरीदने पर नकद भुगतान किया जाता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा दिया है। इसी के तहत उन्होंने भी महिला कलाकार को 3 हजार रुपए का ऑनलाइन भुगतान किया। उन्होंने यह भी बताया कि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा ऑनलाइन भुगतान करने वाला देश है, इसलिए हमें डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### वृक्ष से लटका मिली ट्रक चालक, मर्ग कायम

**सोहागपुर।** सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शोभापुर के श्मशान घाट के समीप सोमवार सुबह एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका मिला है। मामले में पुलिस ने मार्ग कायमी कर जांच शुरू की है। पुलिस के अनुसार समीर निवासी शोभापुर द्वारा प्रथम सूचना चौकी शोभापुर में दी गई कि सोमवार सुबह सूचनाकर्ता शोभापुर श्मशान घाट के पास से जा रहा था। तब घाट के सामने लगे हुए शीशम के पेड़ पर एक व्यक्ति को फांसी पर लटका देखा। सूचना के बाद मौके पर चौकी प्रभारी राहुल पटेल, सहायक उप निरीक्षक हरपाल सिंह, प्रधान आरक्षक अर्जुन पटेल, आरक्षक राममोहन पहुंचे तथा उन्होंने प्राथमिक कार्रवाई की। शव को शासकीय अस्पताल सोहागपुर पंचनामा कार्यवाही के पश्चात भेजा गया है। मृतक की पहचान उसके पास मिले दस्तावेजों के आधार पर मलखान रावत पिता बाबूलाल रावत उम्र 50 वर्ष निवासी नरसिंग मोहल्ला बेहरी तहसील बागली जिला देवास के रूप में हुई। मृतक के पास मिली पर्ची पर मन की दशा खराब होने से आत्महत्या करने की बात सामने आई है। पर्ची में लेख है कि किसी से दुश्मनी नहीं है। पुलिस के अनुसार मृतक ड्राइवर है जो अपनी गाड़ी एमपी 13 जीबी 1619 आयशर ट्रक शोभापुर में टायर दुकान पर खड़ीकर चला गया था। अब पीएम की कार्रवाई होगी। मामले में मर्ग कायमी कर प्रकरण जांच में लिया गया है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

## इंदौर के कार्यक्रम के लिए जिलेभर से करीब 10 हजार छात्रों का रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य

# कमलेश्वर पटेल व राजीव गुजराती की मौजूदगी में छात्र होगा संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आगामी 19 सितंबर को इंदौर में आयोजित होने वाले 'छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बैठक एवं छात्र संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने की। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि कमलेश्वर पटेल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश का युवा और छात्र वर्ग अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी छात्रों के अधिकार, बेहतर शिक्षा, रोजगार के अवसर, प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता और युवाओं के सुरक्षित भविष्य से जुड़े मुद्दों को लगातार मजबूती से उठा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इंदौर में आयोजित होने वाला 'छात्रों की गूंज कार्यक्रम युवाओं और छात्रों को अपनी समस्याएं एवं आकांक्षाएं मजबूती से रखने का मंच प्रदान करेगा। उन्होंने सीहोर जिले के छात्र-छात्राओं से अधिक से अधिक संख्या में इंदौर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।

**10 हजार छात्रों के रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य :** जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि सीहोर जिला कांग्रेस द्वारा इंदौर के कार्यक्रम के लिए जिलेभर से करीब 10 हजार छात्रों का रजिस्ट्रेशन कराने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि छात्रों को इंदौर ले जाने और कार्यक्रम के बाद वापस सीहोर लाने के लिए वाहनों सहित भोजन आदि की व्यवस्था की जाएगी, ताकि छात्रों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**वरिष्ठ नेताओं ने भी किया छात्रों का उत्साहवर्धन :** कार्यक्रम को पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल एवं नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर ने भी संबोधित किया। उन्होंने बेरोजगारी, पेपर लीक सहित युवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए छात्रों से एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। नेताओं ने कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है और छात्रों की जागरूकता से समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है।

**छात्रों में दिखा उत्साह :** छात्र संवाद कार्यक्रम के दौरान कॉलेज छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। छात्रों ने आगामी 19 सितंबर को इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र ठाकुर एवं आभार सीहोर ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम यादव ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जगदीश चौहान, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजाराम बड़े भाई, राजेन्द्र वर्मा, सुनील दुबे, सीताराम भारती, रमेश गुप्ता, ओमबाबा राठौर, राजेश भूरा यादव, गुलाब बाई ठाकुर, जाहिद गुड्डु, बलवान पटेल, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, मनीष मेवाड़ा, नायाब खान, आसिफ अंसारी, कपिल गौर, विनय चौहान, सोनू विश्वकर्मा, मोनू शर्मा, अनुभव सेन, मनोज पटेल, महेश मुंजीखेड़ी, राकेश मेवाड़ा सहित ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी, एनएसयूआई युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बाधित होता रहा यातायात त्योहारों पर बढ़ेगी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोमवार से श्री गणेश उत्सव प्रारंभ हो गया है। जिसके लिए सोहागपुर से गणेश प्रतिमाओं को ले जाने वाले वाहनों की कतार तथा हजारों भक्तों की भीड़ शहर में रही। इस दौरान दिनभर यातायात बाधित होता रहा।

लेकिन बाजार बीट के पुलिसकर्मी चाय व पान के टपों पर समय बिताते देखे गए। नागरिकों का कहना है कि पुलिस की शांति व यातायात सुधार की ज़िम्मेदारी मात्र शांति समिति की बैठक तक सीमित रहती है। मुख्य सड़कों पर व्यवस्था सुधार के लिए पुलिस वाले नजर ही नहीं आते हैं।

### माटी गणेश सिद्ध गणेश प्रशिक्षण दिया गया

**माखननगर।** म प्र जन अभियान परिषद् नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति माखननगर जिला नर्मदापुरम एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मानागांव ने सोमवार को ग्राम मानागांव में नवांकुर सखी एवं समिति सदस्यों का प्रशिक्षण हुआ जिसमें माटी गणेश सिद्ध गणेश मूर्ति निर्माण सिखाया गया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया कार्यक्रम में नवांकुर संस्था प्रमुख नीतिराजसिंह यादव, वीरेंद्र यादव , हरिनारायण यादव, प्रवीण यादव के सहयोग से संपन्न हुआ।

## चित्रगुप्त घाट पर मातृशक्ति ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

चार वर्षों से स्वच्छता का संकल्प निभा रहा कायस्थ समाज, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण भी आवश्यकनर्मदापुरम। अखिल भारतीय कायस्थ समाज की मातृशक्ति एवं सामाजिक बंधुओं द्वारा स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को स्थानीय चित्रगुप्त घाट पर समाज के महिला एवं पुरुष सदस्यों ने घाट परिसर और आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। अखिल भारतीय कायस्थ समाज द्वारा बीते चार वर्षों से प्रत्येक रविवार को चित्रगुप्त घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को बारिश नहीं होने के कारण मातृशक्ति सहित पुरुष सदस्यों ने चित्रगुप्त घाट के किनारे तथा आसपास के गुर्जों और तटों पर जमा कचरे एवं गंदगी की सफाई की। इस अवसर सीबी खरे, नगरपालिका उपाधक्ष अभय वर्मा ममता तिवारी,सुमन वर्मा, प्रीति खरे, मंजूला वर्मा ज्योति वर्मा प्रिया श्रीवास्तव राजेंद्र श्रीवास्तव, रितु श्रीवास्तव, सुनील राय, विजय वर्मा, मनोज वर्मा आदि शामिल रहे।

## सेल संचालकों को आधार व रेंट एग्रीमेंट थाने में जमा करने के निर्देश,नहीं करने पर होगी कार्रवाई

### बाहरी व्यापारियों के सत्यापन को लेकर पुलिस सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर में बिना किसी पुलिस वेरिफिकेशन के बाहर से आकर व्यापार करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने अब कड़ा रुख अपना लिया है। लगातार मिल रही शिकायतों और सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए पुलिस ने ऐसे व्यापारियों और सेल संचालकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

पिछले कुछ समय से शहर में बाहरी लोगों द्वारा बिना किसी स्थानीय पहचान या पुलिस सत्यापन के व्यापार करने और अस्थाई सेल लगाने की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने शहर में संचालित विभिन्न सेल के संचालकों से सघन पूछताछ की है। सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के उद्देश्य से पुलिस ने सेल संचालकों को सख्त निर्देश दिए हैं। अब सभी संचालकों को अनिवार्य रूप से स्वयं की और अपने यहां काम करने वाले सभी कर्मचारियों की फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति और संबंधित जगह का रेंट एग्रीमेंट स्थानीय थाने में जमा करना होगा। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि पहचान छिपाकर या बिना दस्तावेजों के व्यापार करने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी।

बाहर से आकर बिना पहचान के अस्थाई व्यापार करने वालों की बढ़ती संख्या को लेकर क्षेत्रीय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा भी पूर्व में अपनी गहरी चिंता व्यक्त कर चुके हैं। उन्होंने शहर की सुरक्षा और कानून व्यवस्था के मद्देनजर ऐसे व्यापारियों के सत्यापन की आवश्यकता पर बल दिया था। जन प्रतिनिधियों की चिंता और नागरिकों की लगातार शिकायतों के बाद पुलिस का यह कदम बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## घर-घर विराजे गजानन, गणेशोत्सव हुआ शुरू, शहर भर में जगह-जगह सजे पंडाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

समूचे भारत में उत्साह एवं समर्पण के साथ मनाए जाने वाले श्री गणेश उत्सव का सोमवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सोहागपुर ब्लॉक क्षेत्र में घर-घर में गजानन की स्थापना शुभ मुहूर्त में नागरिकों के द्वारा की गई। वहीं देर शाम तक सार्वजनिक गणेश उत्सव समितियों के द्वारा पंडालों में प्रतिमाओं की स्थापना का क्रम जारी रहा। दिनभर बाजार में श्री गणेश प्रतिमाओं की साज-सज्जा के लिए सामग्री क्रय करने वालों की भीड़ बनी रही।

वस्त्र, आभूषण आदि श्रृंगार की सामग्री करते श्री गणेश भक्त बाजार में दिनभर नजर आए। इधर प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि श्री गणेश प्रतिमाओं की स्थापना में सरकारी नियम पालन का विशेष ध्यान रखा जाए। अधिकारियों ने अपील की है कि सार्वजनिक प्रतिमा स्थापना समितियों के द्वारा सरकार की गाइडलाइन का पालन कर सहयोग किया जाए तथा मिट्टी की प्रतिमाओं की स्थापना ही घरों व पांडालों में की जाए।

### 10 दिवसीय गणेशोत्सव हुआ प्रारंभ, घरोंघर विराजे श्री गणेश

**पिपरिया।** नगरपालिका परिषद क्षेत्र सहित जनपद पंचायत क्षेत्र में लगातार इस वर्ष भी सनातन संस्कृति में भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी से लेकर अनन्त चतुर्दशी तक चलने वाले 11 दिवसीय गणेश उत्सव के वल धार्मिक नहीं भक्ति का पर्व भी है।मानव जीवन के समग्र विकास और मानसिक संतुलन की सम्पूर्ण जीवन यात्रा है। प्रथम पूज्य भगवान गणेश को बुद्धि, विवेक, मंगल कर्ता और विघ्न विनाशक के रूप में पूजा जाता है।जब गणेश घर और सार्वजनिक स्थानों पर विराजमान होते हैं।तो वे अपने 11दिनो के प्रवास में मनुष्य को नवीन शुरुआत पारिवारिक सामंजस्य, बौद्धिक , परिपक्वता, धैर्य और अंततः परिवर्तन को सहजता से स्वीकार करने का व्यवहारिक पाठ पढ़ाते हैं।11दिन 11पडाव जीवन मूल्यों की पूरी क्रोनोलाजी गणेश उत्सव के प्रत्येक दिन को आध्यात्मिक और नैतिक विकास के एक विशिष्ट चरण के रूप में देखा जा सकता है। पहले दिन स्थापना के साथ सकारात्मक संकल्प की नींव रखना । अलग-अलग दिनों में अलग अलग ही शीला मिलती है। बड़े ही धूमधाम से शोभायात्रा निकालकर भगवान गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई है। अनेकानेक जगहों पर लगातार मिट्टी के गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई है।

## शासकीय प्राथमिक शाला सांगाखेड़ा खुर्द में उत्साहपूर्वक हुई गणेश प्रतिमा की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

सांगाखेड़ा खुर्द, 14 सितंबर को शासकीय प्राथमिक शाला सांगाखेड़ा खुर्द में गणेश उत्सव के अंतर्गत भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना बड़े ही उत्साह एवं भक्तिभाव के साथ की गई।

इस अवसर पर शाला के शिक्षक राजू अग्रवाल, राधेलाल मेहर एवं शिक्षिका श्रीमती सलमा खान मंसूरी सहित शाला में दर्ज सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने विधि-विधान एवं श्रद्धाभाव के साथ बप्पा का स्वागत किया, आरती की तथा नृत्य कर अपनी खुशी व्यक्त की। गणेश उत्सव के इस आयोजन में जन शिक्षक श्री लक्ष्मण सिंह इरपाचे एवं डॉक्टर अमजद खान का मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हुआ। उनके सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा तथा बच्चों में भगवान गणेश के प्रति श्रद्धा और उत्साह देखने को मिला। शाला परिवार ने सभी के सुख, समृद्धि एवं मंगल की कामना की।

## शिकातयों के बाद भी ग्राम पंचायत से सचिव रहतीं हैं नदारद, नहीं की जा रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

ग्राम पंचायत माथनी में पदसथ सचिव किरण कहार हमेशा सुर्खियों में बनी रहती है। जिसका मुख्य कारण है कि जनपद पंचायत के अधिकारियों का सरंक्षण में लगातार रहना हि मुख्य कारण है।याद रहे पूर्व में ग्राम पंचायत तरौनकला पंचायत में पदस्थ किया गया था। लेकिन सचिव ने पदस्थापना आदेश के बाद कभी पंचायत नहीं पहुचि थी। सरपंच रूक्मणी पटेल ने अनेक तरह से शिकायत दर्ज कराई गई थी। धरना प्रदर्शन किया गया था। जनसुनवाई में कलेक्टर से लेकर अनुविभागीय अधिकारी तक कों आवेदन किया गया था।लेकिन सरपंच तरण वर्मा रोजगार सहायक ने बताया सिर्फ 15अगसत को आईं थीं। फिर एक बार और आई थी तब से आती ही नहीं है। पंचायत में ताला लगा हुआ रहता है। ग्राम पंचायत के निवासी लोगों के अनुसार सचिव के नहीं आने से रोजगार सहायक भी पंचायत नहीं जाते इसलिए लोगों को परेशानी हो रही है। विधायक ठाकुरदास नागवंशी को भी अवगत कराया गया है। जनप्रतिनिधियों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांशु जैन को अवगत कराया गया है। लेकिन अभी तक जनपद पंचायत के अधिकारियों ने कोई कार्यवाही नहीं की है। इस बारे में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान तहसीलदार वैभव बैरागी ने बताया कि किरण कहार सचिव के खिलाफ शिकायत प्राप्त हुई है। शीघ्र ही कार्रवाई की जावेगी।

### राजा भभूत सिंह कालेज में आयोजन

# हिंदी दिवस पर हुआ कविता पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय पचमढ़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना, कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं विद्या वन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में 14 सितंबर हिंदी दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर हुआ। महक हथगैया एवं किस्ट्रीना पीटर के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एस शेखर द्वारा किया गया । अपने उद्बोधन में हिंदी का विश्व पटेल में स्थान, राष्ट्रीय एकता एवं सांस्कृतिक पहचान विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए । प्रियांशी ब्रह्मवंशी, सनवती, स्वाति, हेमवती, एवं महक मालवीय द्वारा कविता पाठ किया गया। कनुश्री साहू ने हिंदी के संवैधानिक प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियांशी, द्वितीय स्थान सनवती एवं तृतीय स्थान क्रिस्टीना पीटर ने प्राप्त किया अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। सुश्री दीपाली जैन ने हिंदी में रोजगार की संभावना पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन बीए तृतीय वर्ष की छात्रा गरिमा टिकार ने हिंदी के गीतों एवं कविताओं के माध्यम से किया ।

## फुटबॉल खिलाड़ी पिता-पुत्र को एक साथ किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढी

लायंस क्लब पिपरिया ने फु ट बॉ ल खिलाड़ी पिता-पुत्र की जोड़ी द्वारा एक ही वर्ष में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने की शानदार उपलब्धि पर लायंस क्लब ऑफ पिपरिया द्वारा सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर देहरादून मे प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले ओम यादव एवं गोवा में आयोजित सिविल सर्विसेज राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए संतोष यादव को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खेल शिक्षक अरविंद शर्मा, उमेश बरैया, प्रीतम पूर्विया,सचिन पूर्विया, वंशिका यादव और अन्य राष्ट्रीय खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया।इस अवसर पर पिपरिया के वरिष्ठ स्पोर्ट्स ऑफिसर परम सम्माननीय वी. एस. चौहान, लायंस क्लब के मनोज नागोत्रा, मनीष शाह, संजीव मालवीय, अरविंद राय, नीलम पचौरी सहित क्लब के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। क्लब ने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दी।


## सहकारी समितियों की वार्षिक आमसभा सूचना

**बार्षिक आमसभा** दिनांक : 12/09/2026

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्या. शाखा सोहागपुर के अंतर्गत आने वाली समस्त सहकारी संस्थाओं के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा का आयोजन निम्नलिखित दिनांकों में दोपहर 12.30 बजे संस्था मुख्यालय पर रखी गई है। जिसमे समस्त समितिओं से सम्बंधित कृषक एवं सम्बंधित अधिकारी / कर्मचारिओं की उपस्थिति प्रार्थनीय है। गणपूर्ति के आभाव में आधा घंटे पश्चात् उसी स्थान पर वार्षिक आमसभा आयोजित की जाएगी।

**आमसभा के विषय इस प्रकार हैं-**

(1) संस्था का वर्ष 2025-26 का वार्षिक प्रतिवेदन एवं अंकेक्षित लेन-देन पत्रक और लाभ-हानि पत्रक अनुमोदित करना।
(2) वर्ष 2025-26 में स्वीकृति बजट से अधिक व्यय जिन-जिन मदों में हुआ है, का अनुमोदन करना।
(3) वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित वार्षिक कार्यक्रम का अनुमोदन करना।
(4) बैंक के वित्तीय वर्ष 2026-27 के लेखाओं की संपरीक्षा करने के लिए सांविधिक संपरीक्षक की नियुक्ति बावत विचार करना।
(5) वर्ष 2025-26 में संचालक मंडल के निर्णय की पुष्टि बावत।
(6) संस्थाओं के आडिट आक्षेप एवं सुझाव के निराकरण का पालन प्रतिवेदन बावत विचार।
(7) अन्य विषय प्रशासक महोदय की अनुमति से।

| क्र. | समिति का नाम | पंजीयन क्रमांक | आमसभा दिनांक | आमसभा का दिन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आदिम जाति सहकारी समिति मर्या. सोहागपुर | 1584 | 23/09/2026 | बुधवार |
| 2. | सेवा सहकारी समिति मर्या. नवलगाँव | 1995 | 23/09/2026 | बुधवार |
| 3. | आदिम जाति सहकारी समिति मर्या. कामती | 2002 | 24/09/2026 | गुरूवार |
| 4. | आदिम जाति सहकारी समिति मर्या. टेकापार | 1997 | 25/09/2026 | शुक्रवार |
| 5. | सेवा सहकारी समिति मर्या. करनपुर | 1996 | 30/09/2026 | बुधवार |
| 6. | सेवा सहकारी समिति मर्या. खपरिया | 2006 | 28/09/2026 | सोमवार |
| 7. | सेवा सहकारी समिति मर्या. बारंगी | 2569 | 28/09/2026 | सोमवार |

नोट- अन्य विषय के अंतर्गत वही प्रस्ताव विचारणीय होंगे जो वार्षिक आमसभा को निर्धारित तिथि से 5 दिन पूर्व लेखिय में सविवरण के लिए दिए जावेंगे ।

**समिति प्रबंधक / प्रशासक**
**सहकारी समिति मर्यादित शाखा सोहागपुर**

**खबर संक्षेप**

### पलंग से गिरकर मासूम की मौत

**हरदा।** जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र के ग्राम पोखरनी में सोमवार दोपहर पलंग से गिरने के बाद छह महीने के बच्चे की मौत हो गई। परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पोखरनी गांव में छह महीने का कृष्णा पिता सतीश गुर्जर घर में पलंग पर सो रहा था। इसी दौरान वह पलंग से नीचे गिर गया। गिरने के बाद कृष्णा कुछ देर तक रोया। इसके कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। कृष्णा दो भाइयों में सबसे छोटा था।

### 24 घंटों में जिले में 18.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 18.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 17.8 मि.मी., टिमरनी में 13.3 मि.मी., खिरकिया में 14.4 मि.मी., सिराली में 29.1 मि.मी. तथा रहटगांव में 17.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 707 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 715.6 मि.मी., टिमरनी में 732.5 मि.मी., खिरकिया में 815 मि.मी., सिराली में 655.3 तथा रहटगांव में 617 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 14 सितम्बर तक 1031.7 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### 5 प्रकरणों में 44 पाव देसी मदिरा जब्त

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं क्रय-विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी दीपेश राजोरिया ने बताया कि आबकारी बल के सहयोग से वृत्त सीहोर के जमोनिया रोड क्षेत्र में सहायक जिला आबकारी अधिकारी संगीता नायक द्वारा कार्रवाई करते हुए अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध 04 प्रकरण कायम कर 32 पाव देसी मदिरा जब्त की गई। इसी प्रकार वृत्त बुधनी में आबकारी उपनिरीक्षक माधव कुण्डल एवं आबकारी टीम द्वारा ग्राम शाहगंज में दबिश देकर 01 प्रकरण कायम करते हुए 12 पाव देशी मदिरा जब्त की गई। इस प्रकार जिले में कुल 5 प्रकरणों में 44 पाव देशी मदिरा जब्त की गई, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 3,520 रुपए है। सभी प्रकरणों को मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी संगीता नायक, आबकारी उपनिरीक्षक माधव कुण्डल एवं आबकारी दल का सराहनीय योगदान रहा। अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### अंतिम अतिरिक्त सीएलसी चरण 16 तक

**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को एक और अवसर प्रदान किया गया है। इसके लिए अतिरिक्त कॉलेज लेवल काउंसलिंग चरण 12 से 16 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। उच्च शिक्षा संचालनालय द्वारा पूर्व में जारी आदेश के अनुसार रिक्त सीटों पर "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर प्रवेश की प्रक्रिया 21 से 31 अगस्त तक निर्धारित की गई थी। छात्र हित में विद्यार्थियों को रिक्त सीटों पर प्रवेश का अतिरिक्त अवसर प्रदान करने के लिए कॉलेज लेवल काउंसलिंग चरण की अवधि में वृद्धि की गई है। अतिरिक्त कॉलेज लेवल काउंसलिंग चरण के तहत 12 से 16 सितंबर तक शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में उपलब्ध रिक्त सीटों पर "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर प्रवेश की कार्यवाही की जाएगी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित अवधि में प्रवेश की कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए विद्यार्थियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

श्रद्धालु बैंड-बाजे और डीजे की धुन पर नाचते-गाते निकले, 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारे गूंजते रहे

# गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना की गई



हरिभूमि न्यूज ⏩ हरदा

सोमवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर शुभ मुहूर्त में भगवान गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। सुबह से ही शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में गणेशोत्सव को लेकर उत्साह नजर आया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने घरों और पंडालों में गणपति बप्पा का दरबार सजाया। बारिश के चलते कई जगह प्रतिमाओं को पन्नी से ढककर सुरक्षित रखा गया। प्रतिमा स्थापना के लिए श्रद्धालु बैंड-बाजे और डीजे की धुन पर नाचते-गाते निकले। रास्तेभर 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारे गूंजते रहे। शहर की हर गली-मोहल्ले में बच्चों ने बाल गणेश की प्रतिमाएं स्थापित कीं। वहीं, मोहल्ला समितियों ने 150 से ज्यादा स्थानों पर बड़ी गणेश प्रतिमाएं स्थापित की हैं। दस दिवसीय गणेशोत्सव को लेकर शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी जगह-जगह पंडाल सजाए गए हैं। श्रद्धालुओं ने छोटी से लेकर बड़ी प्रतिमाएं घरों और सार्वजनिक पंडालों में स्थापित कीं। अनंत चतुर्दशी तक चलने वाले उत्सव में प्रतिदिन भगवान गणेश की पूजा-अर्चना और विभिन्न कार्यक्रम होंगे। गणेश प्रतिमाओं की बिक्री के लिए शहर में जगह-जगह दुकानें लगाई गई हैं। प्रतिमा और पूजन सामग्री खरीदने के लिए बाजार में लोगों की भीड़ रही। गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के चलते बाजार क्षेत्र में पुलिस ने बड़े वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई है। हालांकि, इसके बावजूद कुछ लोग बड़े वाहन लेकर बाजार में पहुंच रहे हैं, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

### घर-घर विराजे विघ्नहर्ता श्री गणेश, गूंजा गणपति बप्पा मोरया का जयघोष

खरगोन। भादौ शुक्ल चतुर्थी सोमवार को जिले भर में गणेश उत्सव का शुभारंभ श्रद्धा और धूमधाम से हुआ। सुबह से ही शहर के कृषि उपज मंडी, जवाहर मार्ग, पोस्ट ऑफिस चौक और बस स्टैंड क्षेत्र में बने मूर्ति बाजारों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। ढोल-ढमाकों और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ लोग भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं को घर लेकर पहुंचे और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थापना की। इस वर्ष खरगोन में पर्यावरण के प्रति जागरूकता साफ दिखाई दी। अधिकांश भक्तों ने मिट्टी और प्राकृतिक रंगों से बनी ईको फ्रेंडली मूर्तियों को प्राथमिकता दी। कुम्हारों और मूर्तिकारों ने बताया कि इस बार 1 फीट से लेकर 7 फीट तक की मूर्तियां तैयार की गई थीं। आकर्षक पगड़ी, फेटा और राजस्थानी श्रृंगार वाली मूर्तियां आकर्षण का केंद्र रहीं। कीमत 351 रुपये से शुरू होकर 11000 रुपये तक रही। घरों में फूल, लाइटिंग और रंगोली से विशेष सजावट की गई है। अगले 10 दिनों तक सुबह-शाम आरती, लड्डू और मोदक के भोग के साथ भजन-कीर्तन होंगे। शहर के प्रमुख सार्वजनिक पंडालों - ज्योति नगर,तालाब चौक, शिवाजी चौक, मोतीपुरा बिस्टान नाका, ब्रजबिहार कालोनी, कृष्ण सुदामा कालोनी, में भी विशाल गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। मान्यता है कि गणपति स्थापना से विघ्न दूर होते हैं और सुख-समृद्धि आती हैं।

नागरिकों को विकसित भारत-2047 के संकल्प से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा

# मोदी के 25 वर्षों के सेवाकाल को जनभागीदारी के उत्सव के रूप में मनाएगी भाजपा : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏩ हरदा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसेवक के रूप में 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक देशभर में सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री के 25 वर्षों की सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण की यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ नागरिकों को विकसित भारत-2047 के संकल्प से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। यह जानकारी सांसद आलोक शर्मा ने हरदा में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी ने 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में जनसेवा की शुरुआत की थी। 7 अक्टूबर 2026 को उनकी लोकसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होंगे। अभियान के तहत 17 सितंबर को सेवा दिवस के रूप में रक्तदान सहित विभिन्न सेवा कार्य होंगे। शाम 7 बजे प्रदेश के सभी बूथों पर लाभार्थी परिवारों के घर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। 2 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान तथा स्कूलों में चित्रकला, ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिताएं होंगी। 25 सितंबर से 7 अक्टूबर तक आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण, स्वास्थ्य एवं महिला कल्याण की जानकारी दी जाएगी तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा कार्यकर्ताओं का सम्मान होगा।

शर्मा ने बताया कि 7 अक्टूबर को सेवा ज्योति कलश यात्रा निकाली जाएगी। वहीं सेवा सेतु शिविरों में पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, स्वास्थ्य जांच और आवेदन संबंधी सहायता दी जाएगी। सेवा मेरा योगदान अभियान में नागरिक 25 प्रकार की सेवा गतिविधियों में भाग ले सकेंगे। वडनगर-वाराणसी सेवा यात्रा भी अभियान का हिस्सा होगी। इसमें एक यात्रा 23 सितंबर को हरदा पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान केवल भाजपा का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी का व्यापक अभियान है। सेवा, सुशासन और जनभागीदारी के माध्यम से विकसित भारत-2047 के निर्माण में प्रत्येक नागरिक को सहभागी बनाना इसका उद्देश्य है। प्रेसवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सिंह वर्मा, प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. विशाल बघेल, प्रदेश खेल प्रकोष्ठ सह संयोजक भूपेन्द्र सिंह तोमर, पूर्व जिलाध्यक्ष अमर सिंह मीणा, जिला महामंत्री बसंत सिंह राजपूत, मनीष निषोद, दीपक नेमा एवं जिला सोशल मीडिया संयोजक आशुतोष गोस्वामी उपस्थित रहे।

### विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग क्विज़ को लेकर हरदा जिले में भारी उत्साह

**युवाओं को मिलेगा पीएम से सीधे संवाद का मौका**

**हरदा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत संचालित मेरा युवा भारत के सबसे बड़े राष्ट्रीय फ्लैगशिप कार्यक्रम विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग को लेकर हरदा जिले के युवाओं में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं के लिए एक देशव्यापी क्विज़ प्रतियोगिता है। इसके राष्ट्रीय चरण में चयनित होने वाले मेधावी युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपने अभिनव विचार रखने और उनसे सीधे संवाद करने का दुर्लभ अवसर प्राप्त होगा। इस बार मंत्रालय ने देश भर से 1 करोड़ युवाओं को इस ऐतिहासिक अभियान से जोड़ने का लक्ष्य रखा है।

स्कूल डायरेक्टर्स की बैठक हुई

### नवीन पांडे प्रदेश उपाध्यक्ष व अनिल राजपूत प्रदेश सचिव नियुक्त हुए

- संगठन के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा प्रदेश की 35 सदस्यीय नई प्रदेश स्तरीय टीम का गठन किया गया।
- शिक्षा के क्षेत्र में संगठन की भूमिका और आगामी कार्ययोजना को लेकर विचार-विमर्श हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏩ हरदा

सोसाइटी फॉर प्राइवेट स्कूल डायरेक्टर्स मध्य प्रदेश की प्रदेश स्तरीय बैठक बीते दिनों भोपाल में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा प्रदेश की 35 सदस्यीय नई प्रदेश स्तरीय टीम का गठन किया गया। इस दौरान संगठन को प्रदेशभर में अधिक सक्रिय, सशक्त एवं प्रभावी बनाने के साथ निजी विद्यालय संचालकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। संगठन के संस्थापक एवं केंद्रीय नेतृत्व समिति के अध्यक्ष दीपक सिंह राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निजी विद्यालयों की समस्याओं, शिक्षा के क्षेत्र में संगठन की भूमिका और आगामी कार्ययोजना को लेकर विचार-विमर्श हुआ। इसी क्रम में हरदा जिले के नवीन पांडे को प्रदेश उपाध्यक्ष तथा अनिल राजपूत को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया।

दोनों को प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने के बाद हरदा जिले के निजी विद्यालय संचालकों एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोगों में हर्ष का माहौल है। नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन पांडे एवं प्रदेश सचिव अनिल राजपूत ने संगठन के केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे दी गई जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी, लगन एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, निजी विद्यालयों की समस्याओं का समाधान तथा विद्यालयों के उत्थान एवं विकास के लिए प्रभावी ढंग से कार्य करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

## नर्मदा प्रसाद उपाध्याय की कृति भारतीय कला और अंतरानुशासन को राजभाषा गौरव पुरस्कार दिया

हरिभूमि न्यूज ⏩ हरदा

जाने-माने कलाविद और निबंधकार नर्मदा प्रसाद उपाध्याय को उनकी कृति भारतीय कला और अंतरानुशासन के लिए मुंबई में राजभाषा गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उपाध्याय के विदेश में रहने के कारण उनकी पुत्री नेहा उपाध्याय व्यास ने एक गरिमामय में समारोह में आज यह पुरस्कार ग्रहण किया।

हिंदी दिवस के अवसर पर नवी मुंबई में भारत के गृह मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में राजभाषा विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में ,जिसमें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस तथा महाराष्ट्र के दोनों उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा सुनेत्रा पवार उपस्थित थीं,

हरदा के ललित निबंधकार तथा कलाविद नर्मदा प्रसाद उपाध्याय की कृति भारतीय कला और अंतरानुशासन को हिंदी में मौलिक लेखन की कृति के लिए प्रथम पुरस्कार से भारत के गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय तथा बी संतोष के द्वारा पुरस्कृत किया गया। उपाध्याय के विदेश में हैं। उनकी ओर से यह पुरस्कार उनकी पुत्री डॉक्टर नेहा व्यास ने ग्रहण किया।

## विश्व हिंदू परिषद ने मनाया 62वां स्थापना दिवस, हिंदू समाज की एकता व संगठन के उद्देश्यों पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏩ खरगोन

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के 62वें स्थापना दिवस के अवसर पर 12 सितंबर 2026 को संत सियाराम प्रखंड के जामली खंड में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दुर्गा वाहिनी, मातृ शक्ति एवं स्थानीय जन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला मंत्री सौरभ धामंडे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित जनों को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संगठन के उद्देश्य, कार्यप्रणाली तथा हिंदू समाज की एकता के विषय में मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि समाज की एकता, संस्कार और संगठन को मजबूत करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने संगठन के कार्यों एवं सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण रहा और उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं समाजजनों ने स्थापना दिवस के अवसर पर संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम की अधिक्षता अनिता दीदी कुशवाह ने की साथ ही कार्यक्रम में सचिन गुप्ता जिला गो रक्षा प्रमुख, शीतल दीदी दुर्गा वाहिनी जिला सह संयोजिका सहित बड़ी संख्या में जामली खंड की दुर्गा वाहिनी एवं मातृ शक्ति व कार्यकर्ता बंधु उपस्थित थे ।

### गणेशोत्सव समितियां अस्थाई कनेक्शन लेकर ही झांकी, पंडाल की सज्जा करें

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने धार्मिक उत्सव समितियों और बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे गणेशोत्सव के दौरान धार्मिक पण्डालों एवं झाकियों में बिजली साज-सज्जा कंपनी से अस्थायी कनेक्शन आवश्यक रूप से लेकर ही करें। प्रदेश की सभी धर्म की धार्मिक उत्सव समितियों से विद्युत क्षेत्र की सभी कंपनियों ने अपील की है कि वे धार्मिक आयोजन पूरे उल्लास, तन्मयता और परम्परानुसार मनाएं साथ ही पण्डाल और उसके बाहर मैदान, सड़क पर लगाई जाने वाली बिजली में कम से कम 25 प्रतिशत की बचत कर ऊर्जा संरक्षण में अपना योगदान दें।

**अस्थाई कनेक्शन लेने हेतु क्या करें :** बिजली कंपनी के पोर्टल http://saralsanyojan.mpcz.in:8888/home पर जाकर निर्धारित प्रपत्र में सही, संयोजित विद्युत भार को दर्शाते हुए अस्थायी कनेक्शन हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें। लाइसेंसी विद्युत ठेकेदार की टेस्ट रिपोर्ट आवेदन में संलग्न करें एवं वायरिंग इत्यादि लायसेंसधारी विद्युत ठेकेदार से ही करवाएं। आवेदन में दर्शाए अनुसार विद्युत भार के अनुरूप सुरक्षा निधि एवं अनुमानित विद्युत उपभोग की राशि अग्रिम जमा कराकर बिजली कंपनी से अस्थाई कनेक्शन की रसीद अवश्य लें। रसीद की लेमीनेटेड प्रति अनिवार्य रूप से पंडाल/झाँकी के सामने लगाएं। आवेदित विद्युत भार से अधिक भार का उपयोग विद्युत साज-सज्जा के लिए न करें। विद्युत कनेक्शन मीटरीकृत होगा एवं विद्युत देयक की बिलिंग नियमानुसार अस्थायी कनेक्शन हेतु लागू घरेलू दर पर की जाएगी। झांकियों के निर्माण एवं विद्युत साज-सज्जा में सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें।

रफ्तार, जज़्बा और जीत की उड़ान- एनटीपीसी में प्रतियोगिता का आयोजन

# एथलेटिक्स का रोमांच, खिलाड़ियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏩ खरगोन

एनटीपीसी खरगोन में जिला शिक्षा विभाग के सहयोग से जिला एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन केशब चंद्र सिंहा राय, परियोजना प्रमुख, खरगोन ने खेल मशाल प्रज्वलित कर किया, जिसके साथ खेल प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को खेल शपथ भी दिलाई तथा उन्हें अनुशासन, निष्पक्ष खेल भावना और खेल भावना के मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। उद्घाटन समारोह में उत्साह का एक और रंग भरते हुए, सिंहा राय ने क्लैपर के माध्यम से विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और फिनिश लाइन की ओर जोश एवं उत्साह के साथ दौड़ते खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में शॉट पुट, विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताएं, लंबी कूद, भाला फेंक सहित एथलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से आए खिलाड़ी पूरे उत्साह और दृढ़ संकल्प के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे हैं तथा अपनी प्रतिभा, शारीरिक क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रदर्शन कर रहे हैं। एनटीपीसी खरगोन की उरफ पहल के अंतर्गत आयोजित यह जिला एथलेटिक्स मीट युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, प्रतिस्पर्धा का अनुभव प्राप्त करने और अपनी क्षमताओं को निखारने के लिए एक सार्थक मंच प्रदान कर रही है। यह पहल युवाओं में स्वास्थ्य, अनुशासन एवं खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ सामुदायिक विकास और खेलों के माध्यम से युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने के प्रति एनटीपीसी खरगोन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।